प्रादेशिक समाचार
01.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हजारीबाग से 79 हजार करोड़ रुपए से अधिक की जनजातीय उन्नत ग्राम योजना अभियान का करेंगे शुभारंभ, भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को भी करेंगे संबोधित

2. भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में कहा– झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर तीन अक्टूबर को जारी होगा भाजपा का संक्षिप्त घोषणा पत्र

3. कांग्रेस ने झारखंड में 35 से 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की।

4. मौसम विभाग ने राज्य भर में अगले तीन दिनों तक दिन में तेज धूप रहने और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की वृद्धि होने की जताई आशंका

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल हजारीबाग से 79 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओरांव ने हजारीबाग में तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत की।

श्री मोदी हजारीबाग में झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को भी संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हजारीबाग दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि काफी उत्साहित हैं। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने आज कहा कि पीएम का हजारीबाग आना बेहद गर्व की बात है।

इधर, प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तीन हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखण्ड में भारतीय जनता पार्टी के सह–चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि पार्टी झारखण्ड विधानसभा चुनाव के लिए तीन अक्टूबर को संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी करेगी। रांची में संवाददाताओं से बात करते हुए श्री सरमा ने कहा कि पार्टी का पूर्ण घोषणा पत्र बाद में जारी किया जाएगा।

****

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि पार्टी गठबंधन में रहकर राज्य की 35 से 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रांची में चुनाव संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे पूरी मेहनत के साथ चुनाव अभियान में जुट जाएं।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज बोकारो जिले में 500 बेड की क्षमता वाले मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने ललपनिया स्थित तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन में 50 मेगावाट के सौर ऊर्जा प्लांट और पतरातू में रेल ओवरब्रिज की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि तेनुघाट में बनने वाला यह प्लांट हरित ऊर्जा को बढ़ावा देगा।

****

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज किसानों की समस्याओं का समाधान करने की सरकार की वचनबद्धता दोहराई। नई दिल्ली में किसान संगठनों और किसानों के साथ हुई दूसरी बैठक के बाद श्री चौहान ने आश्वस्त किया कि किसानों की सभी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

****

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि गरीबों और छोटे व्यवसायियों के लिए बैंक से ऋण लेना अब आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि यह जनधन योजना के कारण संभव हो सका है। उन्होंने आज ऋण आउटरीच कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में स्वच्छता अभियान के तहत आज रन फ़ॉर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ भारत मिशन की मुहिम को लगातार जारी रखने की अपील की गई।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज आकाशवाणी रांची परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सफाई कायकर्म चलाया गया। इस मौके पर केंद्र प्रमुख डीसी हेंब्रम समेत बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मियों ने कार्यालय परिसर की सफाई की।

****

खूंटी जिले के मुरहू प्रखण्ड मुख्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

****

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य भर में अगले तीन दिनों तक तेज बारिश की संभावना नहीं है। रांची स्थित मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि दिन में तेज धूप रह सकती है, जिस कारण गर्मी के बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों के बाद मॉनसून के लौटने पर रांची, खूंटी और रामगढ़ समेत आसपास के हिस्सों में अच्छी बारिश हो सकती है।

****

सिमडेगा में चल रही 34वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो–खो प्रतियोगिता के महिला वर्ग में महाराष्ट्र और कर्नाटक की टीम फाइनल राउंड में पहुंच चुकी है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कल खेला जाएगा। वहीं, पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र और उड़ीसा तथा तेलंगाना और कर्नाटक के बीच सेमीफाइनल मुकाबला जारी है।

********समाप्त********